D.B.K.N. COLLEGE, NARHAN

SAMASTIPUR (BIHAR) PIN - 848211

(A CONSTITUENT COLLEGE OF L.N. MITHILA UNIVERSITY, DARBHANGA)

Principal

D. B. K. N. COLLEGE, NARHAN

Letter No : ....

Date : 19.05.2026

आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में डिग्री सेमेस्टर–5(सत्र 2023–27) में नामांकित छात्र/छात्रों को सूचित किया जाता है कि Internship के संबंध में निम्नांकित बिन्दुओं पर ध्यान देना सुनिश्चित करेगे:–

1. सेमेस्टर–5 की परीक्षा में Internship के लिए 100 अंक(4 क्रेडिट) निर्धारित है।
2. सभी परीक्षार्थियों को इंटर्नशिप करना अनिवार्य है। अगर कोई परीक्षार्थी इंटर्नशिप नहीं करते हैं, तो उनका परीक्षाफल प्रकाशित नहीं होगा जिसके फलस्वरूप संबंधित परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण घोषित किए जाएंगे।
3. 21 मई 2026 तक सभी परीक्षार्थी महाविद्यालय से इंटर्नशिप के लिए सहमति पत्र(Consent Letter) अवश्य प्राप्त कर लें। निर्धारित अवधि के बाद Consent Letter नहीं मिलेगा।
4. परीक्षार्थी इंटर्नशिप के लिए सरकारी/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कंपनी का चयन करेगे।
5. चयनित कंपनी से Acceptance Letter और कंपनी की सरकार से मान्यता/वैद्यता संबंधी प्रमाण पत्र महाविद्यालय में 26 मई 2026 तक अवश्य जमा करेंगे।
6. चयनित कंपनी की मान्यता/वैद्यता का सत्यापन महाविद्यालय के प्राचार्य/नोडल पदाधिकारी से कराना अनिवार्य है।
7. यदि कोई परीक्षार्थी चयनित कंपनी की मान्यता/वैद्यता का सत्यापन बिना कॉलेज से कराए इंटर्नशिप करेंगे तो उसे मान्यता नहीं मिलेगी और संबंधित परीक्षार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाएगे।
8. सभी परीक्षार्थी दिनांकः– 01 जून से 20 जून 2026 तक चयनित कंपनी के कार्यालय/कार्यस्थल में इंटर्नशिप करेंगे और प्रतिदिन की उपस्थिति का प्रमाण कॉलेज को प्रेषित करेगे।
9. Online इंटर्नशिप सिर्फ सरकारी संस्थान SWAYAM से की जा सकती है। किसी अन्य कंपनी, NGO या अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों से Online इंटर्नशिप करने पर मान्यता नहीं मिलेगी।
10. लगभग 50–75 पृष्ठों का टाईप किया हुआ इंटर्नशिप रिपोर्ट, परीक्षार्थी स्वयं तैयार करेंगे और उसे महाविद्यालय में 24 जून 2026 तक अवश्य जमा करते हुए प्राप्ति रसीद प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
11. 70 प्रतिशत अंक इंटर्नशिप रिपोर्ट के लिए निर्धारित है, अतः इंटर्नशिप रिपोर्ट गंभीरता से तैयार करें, किसी अन्य परीक्षार्थी की नकल ना करें। 30 प्रतिशत अंक मौखिक परीक्षा के लिए निर्धारित है, जिसमें सभी परीक्षार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। अगर viva परीक्षा में कोई परीक्षार्थी अनुपस्थित रहेंगे, तो उनका परीक्षा परिणाम प्रकाशित नहीं होगा। Viva की तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।
12. सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। अगर परीक्षार्थी उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं करेंगे, तो संबंधित परीक्षार्थियों का परीक्षाफल रोक दिया जाएगा जिसके लिए संबंधित परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

A. C. Jha 19.5.26

प्रधानाचार्य

19/05/26